**Regarding railway issues**

**श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़):** धन्यवाद सभापति महोदय । मैं आज आपके माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्री एवं रेल राज्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के मुख्यालय से लगा रेलवे स्टेशन चिलबिला जंक्शन जो जनपद मुख्यालय की आर्थिक राजधानी की पहचान रखता है । व्यापारिक गतिविधियों एवं जनपद प्रतापगढ़ की मुख्य मंडी स्थल से लगा हुआ रेलवे स्टेशन होने के कारण वहां बड़ी संख्या में बाहर से भी व्यापारियों का आवागमन उस स्टेशन पर हुआ करता है । हाल के दिनों में रेलवे स्टेशन पर भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा अभूतपूर्व परिवर्तन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि चिलबिला जंक्शन पर प्रतापगढ़ से अमेठी जाने वाले राजमार्ग की तरफ भी बाहर निकालने का रास्ता स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें] क्योंकि रेलवे स्टेशन के पश्चिम तरफ अमेठी राजमार्ग से स्टेशन आने के लिए लोगों को 2 से 3 किलोमीटर की दूरी अनावश्यक रूप से तय करनी पड़ती है । साथ ही, मैं यह भी अनुरोध करना चाहता हूं कि रेल लाइन का विद्युतीकरण हो जाने के कारण फुट ओवरब्रिज अब अधिक ऊंचाई पर है । ? (व्यवधान)